Title: Need to allocate adequate funds for enabling early completion of the newly declared national Highways in Himachal Pradesh.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भू-तल परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश में तीन साल पूर्व घोषित किए गए चार नए राष्ट्रीय राजमार्गों की ओर आकर्षित करते हुए उनके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि चारों राष्ट्रीय राजमार्गों की निर्माण की गति अत्यंत धीमी है। नैशनल हाईवे संख्या-21 चंडीगढ़-स्वारघाट-मनाली से हजारों ट्रक प्रतिदिन सीमेंट लेकर गुजरते हैं। इसी मार्ग पर हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर से 11 किलोमीटर दूर एक घागस पुल स्थित है। वह अत्यंत पुराना व जर्जर हो चुका है। पूरे मार्ग की स्थिति इतनी खराब है कि वह कच्ची सड़क जैसा नजर आता है। यह एकमात्र पुल है, जो पंजाब को हिमाचल से जोड़ता है तथा हिमाचल में पर्यटन के विकास की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

महोदय, मेरा आग्रह है कि चारों नए राष्ट्रीय राजमार्गों को शीघ्र पूरा करने हेतु भरपूर धनराशि का आबंटन किया जाये और एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार किया जाये ताकि इनका निर्माण कार्य लक्ष्य के अनुसार शीघ्र पूर्ण हो सके।